आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

● वर्ष- 16 अंक 84 ● कटनी ● बुधवार, 27 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष-11 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## बिजली के तार से टकराया रथ

# 11 करंट से लोगों की मौत

**तंजावुर।** तमिलनाडु में भीषण हादसा हुआ है। तंजावुर जिले के एक मंदिर में आज सुबह रथ जुलूस के दौरान करंट लगने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि यह घटना उस समय हुई जब लोग जिस मंदिर की पालकी पर खड़े थे, वह कालीमेडु के अप्पर मंदिर में एक हाई-ट्रांसमिशन लाइन के संपर्क में आ गई।अधिकारियों ने कहा कि मारे गए लोगों में दो बच्चे थे। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। मृतक संख्या बढ़ सकती है। तिरुचिरापल्ली के मध्य क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी बालकृष्णन ने कहा, हादसे के संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एनडीटीवी को बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए आम तौर पर मंदिर कार मार्ग पर बिजली लाइन बंद कर दी जाती है। अधिकारी ने कहा, हालांकि, पालकी इतनी लंबी नहीं थी कि हाई-ट्रांसमिशन लाइन को छू सके, और इस तरह इस बार बिजली की सप्लाई बंद नहीं की गई। लेकिन ऐसा लगता है कि सजावटी संरचना के चलते पालकी की ऊंचाई बढ़ा दी गई थी, और परिणामस्वरूप, यह लाइव वायर के संपर्क में आ गई। घटना के एक वीडियो में देखा जा सकता है कि लाइव वायर के संपर्क में आने से रथ पूरी तरह से नष्ट हो गया। गौरतलब है कि हर साल तमिलनाडु में यह सालाना रथ यात्रा निकाली जाती है, जिसमें भारी भीड़ जुटती है।वी बालकृष्णन (पुलिस महानिरीक्षक, मध्य क्षेत्र, तिरुचिरापल्ली) ने बताया, तंजावुर जिले में एक मंदिर की कार (रथ उत्सव) एक लाइव वायर के संपर्क में आने से अब तक 10 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई।बता दें. कोरोना और लॉकडाउन के कारण पिछले दो साल से यह आयोजन नहीं हो पाया था। यह भी एक कारण है कि इस बार भक्तों में उत्साह अधिक रहा और भारी भीड़ जुटी। भीड़ को काबू करने के लिए उचित प्रबंध किए गए थे, जो नाकाफी साबित हुए। यह त्योहार 5 अप्रैल को कोडियेत्रम (झंडा फहराने समारोह) के साथ शुरू होता है। श्री मीनाक्षी पट्टाभिषेकम (देवी मीनाक्षी का राज्याभिषेक) किया जाता है।

### मुआवजे का ऐलान

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के दफ्तर की तरफ से इस घटना के जांच के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख रुपये मुआवजे का एलान किया गया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने तंजावुर हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए दो लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये मुआवजे का एलान किया है। यह मुआवजा प्रधानमंत्री राहत कोष से दिया जाएगा।

## कोरोना ने बढ़ाई टेंशन!

# हमें अलर्ट रहने की जरूरत है: मोदी

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के केस एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। दिल्ली, यूपी, कर्नाटक समेत 10 राज्य ऐसे हैं जहां खतरे के संकेत मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इस मुद्दे पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। सभी पक्षों को सुनने के बाद पीएम मोदी ने राज्यों को संबोधित किया और बताया कि आगे क्या रणनीति अपनाई जाना चाहिए।पीएम मोदी ने कहा, बीते 2 वर्षों में कोरोना को लेकर ये हमारी 24वीं मीटिंग है। कोरोना काल में जिस तरह केंद्र और राज्यों ने मिलकर काम किया, उसने कोरोना के खिलाफ देश की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है। बैठक में सभी पक्षों को सुनने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि

मुख्यमंत्रियों की साथ बैठक में बताई रणनीति

कोरोना महामारी अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। हमने देखा है कि कई देशों में इसके नए वेरिएंट आए हैं। भारत में हम कोरोना को काबू करने में सक्षम रहे हैं। कुछ राज्यों में जिस तरह के केस बढ़े हैं, उससे हमें अलर्ट करने की जरूत है।

### स्कूल बंद करने की भी जरूरत नहीं

वायरोलाजिस्ट और वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कालेज (सीएमसी) के पूर्व प्रोफेसर डा. टी जैकब जान जान ने ब?ते मामलों के बीच स्कूल बंद करने की परिपाटी को भी गलत बताया। उन्होंने कहा कि स्कूलों को बंद करने की जरूरत नहीं है। स्कूल खुले रहने चाहिए। अगर केस मिलते हैं तो उनसे मामले दर मामले के हिसाब से निपटना जाना चाहिए।

# टूट रहा ड्रैगन का सब्र, पाक में करेगा एयरस्ट्राइक!

**नई दिल्ली। पाकिस्तान के कराची में 26 अप्रैल को चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर हमला किया गया। कराची यूनिवर्सिटी में कन्फ्यूशियस इंस्टिट्यूट के पास एक वैन के पास हुए विस्फोट में तीन चीनी नागरिकों सहित चार लोग मारे गए। इस आत्मघाती हमले ले बाद कहा जा रहा है कि क्या चीन पाकिस्तान पर एयरस्ट्राइक कर सकता है? हालांकि यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर हमला किया गया हो। पिछले कुछ सालों में कई बार चीनी नागरिकों को टारगेट कर पाकिस्तान में हमला किया गया है।**

### पढ़ी लिखी थी फिदायीन हमलावर शैरी

कराची में चीनी नागरिकों को टारगेट कर हुए हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली है। इस आत्मघाती हमले को क्क्र की मजीद ब्रिगेड की महिला फिदायीन हमलावर शैरी बलूच उर्फ ब्रम्श ने अंजाम दिया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शैरी काफी पढ़ी-लिखी थी और अपने परिवार से साथ रह रही थी लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि वह फिदायीन बन गई। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शैरी उर्फ बरम्श का जन्म बलूचिस्तान के केच जिले में हुआ था। शैरी केच जिले में ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका थी। उसने 2014 में बीएड और 2018 में एमएड की पढ़ाई पूरी की थी। इसके बाद शैरी ने बलूचिस्तान विश्वविद्यालय से जूलॉजी में मास्टर्स और अल्लामा इकबाल ओपन यूनिवर्सिटी, तुर्बत परिसर में एमफिल किया।

# दिग्गी पर नरोत्तम मिश्रा का हमला

### गृहमंत्री बोले रमजान के पवित्र माह में पूरे मुस्लिम समुदाय को बदनाम कर रहे दिग्विजय सिंह

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में आगामी 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। मंगलवार को गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि रमजान के पवित्र माह में पूरे मुस्लिम समुदाय को दिग्विजय सिंह बदनाम कर रहे है। दिग्विजय सिंह ने कहा था कि भाजपा गरीब मुस्लमान लड़कों को पैसे देकर पत्थर फिंकवाती है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दिग्विजय सिंह के बयान पर पलटवार

कर कहा कि दिग्विजय सिंह को क्या हो गया समझ नहीं आ रहा है। पहले तुष्टीकरण की राजनीति के लिए एक कौम को खुश करने के लिए पुलिस पर सवाल उठाए, न्यायपालिका पर सवाल उठाए और अब उस कौम को ही बिकाऊ बता दिया कि पैसे लेकर पत्थर फेंकते है। आपने एक बात तो स्पष्ट कर दी कि पत्थर कहां से आए थे और किसने फेंके थे। आपके पास क्या सबूत है कि उस कौम ने पैसे लेकर पत्थर फेंके। किसी व्यक्ति के बारे में ऐसा कहते तो इतनी पीढ़ा नहीं होती, लेकिन एक कौम को बदनाम करने का काम आपने किया है। वह भी इस पवित्र माह में अच्छा नहीं किया।बता दें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नीमच दौरे के दौरान दंगों को लेकर पूछ सवाल पर कहा था कि कांग्रेस शांति अमन की अपील करती है, लेकिन मेरे पास ऐसी शिकायतें आ रही है कि कुछ गरीब मुसलमान लड़कों को पैसा देकर भाजपा के लोग खुद ही पत्थर फिंकवाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास इसके फैक्टस नहीं आए हैं। मैं उसको चेक कर रहा हूं। इसलिए अभी आरोप नहीं लगा रहा हूं, लेकिन मेरे पास ऐसी जानकारी आ रही है।

## संक्षिप्त न्यूज

### इंदौर में होगा प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन

#### जुटेंगे पूरी दुनिया के एनआरआई

**इंदौर।** साल 2023 में होने वाला प्रवासी भारतीय दिवस मध्य प्रदेश के इंदौर में मनाया जाएगा। सूबे के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया था और इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। चौहान ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया था कि इस बार 9 जनवरी 2023 को मध्य प्रदेश के इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाए, जिसमें पूरे दुनिया भर से एनआरआई आते हैं। प्रवासी भारतीय दिवस के लिए इंदौर उपयुक्त स्थान है। यहां एयर कनेक्टिवी भी सबसे ज्यादा है। इस संबंध में हमें स्वीकृति भी मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि 4-5-6 नवंबर 2022 को इंदौर में होने वाली इन्वेस्टर्स समिट अब 7 और 8 जनवरी 2023 को होगी और 9-10 जनवरी को इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस होगा। इंदौर में ही मध्यप्रदेश द्वारा तैयार की गई स्टार्ट-अप पॉलिसी का लोकार्पण होगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली उपस्थित होंगे।

### फर्जी एडवाईजरी केस की सरगना पूजा थापा कोर्ट में सरेंडर

**इंदौर, ।** राऊ फर्जी एडवाइजरी केस की सरगना पूजा थापा ने बुधवार को इंदौर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इंदौर पुलिस ने एलओसी जारी कर तलाश रही थी। पुलिस को पांच करोड़ के फर्जीवाड़े मामले में पूजा की तलाश थी। इस मामले अभी तक कुल 14 आरोपित गिरफ्तार हो चुके हैं। राऊ एडवाइजरी मामले में सहगना आरोपित पूजा थापा को मप्र सहित चार राज्यों की पुलिस को तलाश थी। उसने अन्य राज्यों में भी लोगों के साथ ठगी की है। पूजा के दुबई या नेपाल भागने की संभावनाओं के बीच पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी करने की तैयारी की जा रही थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न शहरों में टीम भेजी गई थी। लेकिन बुधवार को अचानक पूजा ने इंदौर कोर्ट में सरेंडर कर दिया। मामले में पुलिस ने एक अन्य आरोपित पवन तिवारी के फ्लैट से मंगलवार को नकदी, लैपटाप, मोबाइल आदि जब्त किए थे। पुलिस ने आरोपित पवन उर्फ कमल पुत्र राजनाथ तिवारी निवासी जिला रीवा को पिछले दिनों रायपुर से गिरफ्तार किया था। छह मई को पवन की शादी थी और वह होटल बुक करने गया था।

## अगले 5 दिन आग सा तपेगा आधा उत्तर भारत

# लू की चपेट में होगा आधा देश

**नई दिल्ली।** देशभर में मौसम तेजी से करवट बदल रहा है। मौसम विभाग के लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश, झारखंड में अगले 5 दिनों में लू का प्रकोप बढ़ने वाला है। यहां पारा 45 डिग्री से भी ऊपर जाने की संभावना है। यानी कुल मिलाकर आने वाले दिनों में आसमान से आग बरसने वाली है। वहीं दूसरी ओर पूर्वोत्तर और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में बारिश और ओले गिर सकते हैं। अगले 5 दिनों में विदर्भ, ओडिशा, बिहार और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, झारखंड, पश्चिम बंगाल, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में आसमान से आग

बरसने की संभावना जताई गई है। पूर्वोत्तर भारत में बारिश और तूफान की संभावना है। 30 अप्रैल तक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय भारी बरसात और ओले गिरने का पूर्वानुमान है। जबकि जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में गरज के साथ छिटपुट वर्षा हो सकती है। वहीं पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में धूल भरी आंधी, तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

### मप्र में खतरा सबसे ज्यादा

### मप्र में 44 डिग्री पार जा सकता है पारा

3 दिन की राहत के बाद मध्यप्रदेश में पारा फिर तेवर दिखाने लगा है। ग्वालियर-चंबल बेल्ट, प्रदेश के बुंदेलखंड और सतना-रीवा में 28 अप्रैल तक सबसे ज्यादा गर्मी होगी। 29

# दूल्हे को डांस पड़ा महंगा

## शादी में इतना नाचा कि नाराज हो गई दुल्हन

### उसके दोस्त को पहना दी वरमाला

**बुलढाणा।** मंडप सजा था, डीजे बज रहा था, बारात लड़की के द्वार पर पहुंची और दूल्हा कार से उतर दोस्तों के साथ डांस करने लगा। डीजे की धुन पर उसका डिस्को-डांस इतना लंबा चला कि लड़की का पिता नाराज हो गया और शादी में पहुंचे एक अन्य लड़के को बुला उसे अपनी बेटी सौंप दी। यह कहानी सुनने में फिल्मी नजर आ रही है, लेकिन इसमें सच्चाई है। घटना महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले की है। लड़की के पिता का आरोप है कि दूल्हा शराब के नशे में धुत था, इसलिए उसने अपनी बेटी की शादी किसी और से कर दी।यह घटना

बुलढाणा जिले के मलकापुर पंगरा गांव में 24 अप्रैल को हुई है। लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि बाराती और दूल्हा देर से शाम चार बजे पहुंचे और रात 8 बजे तक दूल्हा नशे में धुत होकर डांस करता रहा। इस दौरान लड़की के रिश्तेदारों ने देर से आने का कारण पूछा तो वे मारपीट करने पर उतर आए। इसके बाद लड़की वालों ने दूल्हे समेत लड़के वालों की जमकर पिटाई की और फिर उन्हें बिना खाना खिलाए भगा दिया।

### इंसान में पहली बार मिला HxN8 बर्ड फ्लू संक्रमण

**शंघाई।** चीन ने एक बयान में HxN} बर्ड फ्लू संक्रमण की इंसानों में पहले मामले की घोषणा कर दी है। साथ में यह भी कहा है कि लोगों में इसके फैलने का जोखिम कम है। 2002 में उत्तरी अमेरिकी वॉटरफाउल में पहली बार मिलने के बाद यह संक्रमण सर्कुलेट होने के लिए जाना जाता है। यह घोड़ों, कुत्तों और सील को संक्रमित करता रहा है लेकिन पहले मनुष्यों में इसका पता नहीं चला था। मध्य हेनान प्रांत में रहने वाले लड़के का परिवार घर पर मुर्गियों को पाले हुए था और जंगली बत्तखों की आबादी वाले इलाके में रहता था। हालांकि प्रशासन ने जनता को फिर भी मृत और बीमार पक्षियों से दूर रहने कहा है।

# सुनील जाखड़ और केवी थॉमस पर अनुशासन का डंडा

## सभी पदों से हटे, पर सोनिया गांधी ने दिखाई नरमी

**नई दिल्ली।** पंजाब कांग्रेस के दिग्गज नेता सुनील जाखड़ को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। अनुशासन समिति की सिफारिश पर सोनिया गांधी ने पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ के खिलाफ ऐक्शन लिया है। उनके अलावा केरल के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री केवी थॉमस को भी सभी पदों से हटा दिया गया है। उन्हें हाईकमान ने सीपीएम की ओर से आयोजित सेमिनार से दूर रहने को कहा था, लेकिन उन्होंने उसमें हिस्सा लिया था। उनके इस फैसले को पार्टी विरोधी गतिविधि माना गया था। इसके अलावा सुनील जाखड़ ने पंजाब चुनाव से पहले कहा था कि उन्हें इसलिए सीएम नहीं बनाया गया था क्योंकि वह हिंदू हैं।इसके अलावा तत्कालीन सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ भी बयान दिए थे। इस पर कई नेताओं ने ऐतराज जताया था और हाईकमान से उनके खिलाफ ऐक्शन लेने की मांग की थी। इस पर मंगलवार शाम को हाईकमान ने सुनील जाखड़ और केवी थॉमस को पार्टी के सभी पदों से हटाने का आदेश दिया।

## चंद्रयान-3: इसरो ने पहली बार दिखाई मिशन मून की झलक

# अगस्त में भारतीय उम्मीदों को चांद पर ले जाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** 130 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों को चांद पर पहुंचाने के लिए चंद्रयान-3 फिर से तैयार हो रहा है। इसरो ने पहली बार इस मिशन की तस्वीरें जारी की हैं। सब कुछ सही रहा तो यह मिशन इसी साल अगस्त में लांच हो सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से जारी एक डॉक्यूमेंट्री च्स्पेस ऑन व्हील्सज में इन तस्वीरों को जारी किया गया है। इसरो ने इस डॉक्यूमेंट्री को अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। इसमें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत द्वारा लांच किए गए 75 उपग्रहों को भी दिखाया गया है।

### क्या है डॉक्यूमेंट्री में

इसरो की ओर से जारी की गई डॉक्यूमेंट्री में, चंद्रयान-3 के लैंडर को दिखाया गया है। यह भारतीय अंतरिक्ष मिशन की चांद पर उतरने की दूसरी कोशिश है। इसके अलावा 17 मिनट की डॉक्यूमेंट्री में आदित्य एल 1 मिशन और गगनयान के बारे में भी बताया गया है।

### चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर का होगा उपयोग

हाल ही में इसरो पूर्व प्रमुख डॉ. सिवान ने कहा था कि जल्द ही इसरो चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग की भी पुष्टि करने की स्थिति में आ जाएगा। मैं आश्वस्त हूं कि इस बार के मिशन में हमें सफलता जरूर मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी मिशन के लिए चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर का उपयोग किया जाएगा, यह हमारे लिए काफी किफायती होगा। इसरो के पूर्व चेयरमैन ने कहा था कि कोरोना वायरस महामारी का असर हमारी सभी परियोजनाओं पर पड़ा था।

# चोरों ने पहले बुलडोजर चुराया उसी से एटीएम उखाड़ा

**नई दिल्ली।** देश में कई राज्यों में जिस बुलडोजर का इस्तेमाल अपराधियों पर कार्रवाई के लिए हो रहा है, उसी बुलडोजर का इस्तेमाल कर कुछ चोर एक पूरा एटीएम उखाड़ ले गए। मामला महाराष्ट्र के सांगली जिले की मिरज

तालुका का है। यह पूरी घटना CCTV कैमरे में कैद हुई है, जिसमें आगरा चौक पर लगे एक्सिस बैंक के ATM बूथ का दरवाजा बुलडोजर के जरिए तोड़ते हुए और ATM उखाड़ते हुए देखा जा सकता है।जांच में सामने आया है कि चोरों ने पहले एक जेसीबी को पेट्रोल पंप से चुराया और फिर इसकी सहायता से ATM को उखाड़ा। जानकारी के मुताबिक, वारदात के समय एटीएम में 27 लाख रुपए थे।

# तुला राशि के लोग होते है न्यायप्रिय और संतुलित व्यक्तित्व के धनी

**यशभारत के प्रख्यात कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में आज पूर्व आईपीएस ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा ने यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से चर्चा करते हुए तुला राशि के विषय में विचार साझा किए। इस दौरान श्री वर्मा ने बताया कि तुला राशि के लोग न्यायप्रिय और आकर्षक व्यक्तित्व के धनी होते है। कालपुरुष की कुंडली में यह 7वीं राशि है। जिसका विस्तार आकाश में 180 डिग्री से लेकर 200 डिग्री तक होता है। तुला राशि का चिन्ह तराजू होता है। जैसा की हम सभी यह जानते है कि ज्योतिष पूर्ण वैज्ञानिक है। आकाश में तराजू के आकार का चिन्ह दिखाई देता है। बात करें नक्षत्रों की तो 12 राशियों में 27 नक्षत्र होते है, इस प्रकार सवा दो नक्षत्र एक राशि में होते है। जिनका जीवन में पूर्ण प्रभाव पड़े बिना नहीं रह सकता।**

यश भारत
जीवन ज्योतिष
वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### शनि महाराज की होती है उच्च राशि

तुला राशि के जातकों को शनि महाराज की विशेष कृपा प्राप्त होती है, क्योंकि यहां वह उच्च के होते हैं। इसी प्रकार यहां शुक्र भी विशेष फलदाई होते है, लेकिन सूर्य की यह नीच की राशि है। जिसके चलते यहां सूर्य असहज महसूस करते है।

### तुला राशि के जातकों का प्रधान परिचय

ज्योतिषाचार्य श्री वर्मा ने बताया कि तुला राशि वायु तत्व प्रधान राशि है। इस राशि के जातक उग्र होते है और न्यायप्रियता की भावना इनमें कूट-कूटकर भरी हुई होती है। यह किसी के साथ अन्याय नहीं कर सकते। इस राशि के जातकों की आंखें बड़ी ही आकर्षक होती है, साथ ही कन्या राशि की अपेक्षा इस राशि के जातक की ऊचाई कुछ अधिक होती है, बाल काले होते है और यह लोगों से संवाद करने के माहिर होते है। लोगों के बीच घुल-मिल जाना इनका शौक होता है। संगीत और कारपोरेट कल्चर का यह राशि प्रतिनिधित्व करती है।

### निष्पक्ष एवं चतुर रणनीतिकार

तुला राशि के जातक सबके लिए अच्छा करना चाहते हैं। ये विवादों को निपटाने में कुशल होते हैं और इनमें न्याय की गहरी भावना होती हैं। निष्पक्षता की यह लगन इनकी व्यक्तिगत जरूरत होती है । तुला राशि के जातक अपने दिमाग का अच्छा उपयोग करना जानते हैं। ये अपने विचारों का दूसरों के साथ संचार करके आनंद लेते हैं। ये दूसरों को बेहतर तरह से जानने के लिए एक उचित तरीका अपनाते हैं।

**यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से विशेष चर्चा**

### वायु तत्व की राशि है

कन्या राशि के मुकाबले तुला राशि के जातकों की ऊचाई ज्यादा होगी, बाल काले, मुख आकर्षक होगा। शनि इस राशि में उच्च के होते है। यदि शनि महाराज यहां बैठे है तो बढ़े अच्छे परिणाम देते है, वहीं सूर्य यहां आकर अच्छे फल नहीं देते वह असहज होते है, इसलिए सूर्य की नीच राशि है, वहीं यहां शुक्र बड़े अच्छे फल देते है। यह धातुओं को प्रदर्शित करती है। आंखे बड़ी आकर्षक होंगी। संगीत प्रेमी, लोगों से बातचीत करने में माहिर, संतुलित होते है। संतुलित व्यक्तित्व के स्वामी होते है, कारपोरेट कल्चर संगीत को यह प्रदर्शित करती है। न्यायप्रिय लोग होते है, यह अन्याय नहीं कर सकते।

### महात्मा गांधी और हिटलर की थी तुला राशि

ज्योतिषाचार्य श्री मनोहर वर्मा ने यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से चर्चा के दौरान बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और हिटलर की तुला लग्न राशि थी। दोनों में काफी समानताएं थीं। दोनों ने जो ठाना वह करके बताया और प्रख्यात हुए। हांलाकि सूर्य, चंद्र और लग्न राशि होती है, किसी भी कुंडली का पूर्ण भविष्यफल बतलाने के लिए तीनों ही राशियों का निचोड़ आवश्यक होता है और कुंडली में बैठे ग्रहों के योग से बने संयोगों को विशेष रुप से देखना आवश्यक होता है।

### इन क्षेत्रों में मिलती है विशेष सफलता

तुला राशि के जातकों को अभिनय, गायन, कानूनविद्, होटल व्यवसाय सहित फैसन डिजाइन में विशेष सफलता मिल सकती है। यह संतुलित होते है और दुनिया को अच्छी तरीके से समझने में माहिर होते है।

## कोतवाली के बाहर वाहन चेकिंग

**कटनी।** कटनी में नियमों के खिलाफ वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया है। पुलिस ने कोतवाली थाने के बाहर वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस ने दो पहिया वाहनों में तीन सवारी होने पर जुर्माना कार्रवाई की।इसके अलावा वाहनों के दस्तावेज नहीं होने पर भी चालान काटे गए। कोतवाली थाने के बाहर वाहन चैकिंग किए जाने से चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए वाहन चालक रास्ता बदलकर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि बगैर लाइसेंस, बगैर रजिस्ट्रेशन, दो पहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर कार्रवाई की जा रही है। वाहनों की जांच के दौरान दस्तावेजों की जांच की गई। जिनके पास वाहन ड्रायविंग लायसेंस या फिर वाहन का रजिस्ट्रेशन या फिर अन्य जरुरी दस्तावेज नहीं थे, उसके खिलाफ चालान काटकर जुर्माना वसूल किया गया है।

**कटनी जिले में योजनाओं पर हद दर्जे की लापरवाही**

# कॉलेजों को सौर ऊर्जा से रोशन करने की योजना अधर में अटकी

## ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों पर विचार नहीं, 2018 में उर्जा विकास निगम ने की थी पहल

**कटनी।** बिजली कटौती के बीच नहीं हो रहा ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों पर विचार नहीं किया जा रहा है। यही कारण है कि जिले के कॉलेजों को सौर ऊर्जा से से रोशन करने की योजना अधर में अटक गई है। इससे जिले के कॉलेज सौर उर्जा से रोशन नहीं हो पा रहे हैं।

पहले बनी योजना के अनुसार जिले के तीन कॉलेज सौर ऊर्जा से रोशन होने थे। इसके लिए नवंबर 2018 में उर्जा विकास निगम ने पहल की थी। कॉलेजों को सोलर ऊर्जा से रोशन करने के लिए कटनी जिले के तीन कॉलेजों का निरीक्षण अधिकारियों ने किया था। उस समय यह कहा जा रहा था कि दिसंबर माह तक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी लेकिन 4 वर्ष गुजरने के बाद भी योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है।रेस्को मॉडल आधारित ग्रिड पावर प्लांट लगाने के लिए मप्र ऊर्जा विकास निगम भोपाल द्वारा अधिकृत गौरव टूर एज्योर पावर ऑफ टाप प्रायवेट लिमिटेड द्वारा महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी को पूर्व में 20 केव्ही. के सोलर प्लांट लगाने के निर्देश प्राप्त हो चुके थे। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके खरे, प्राध्यापक डॉ. चित्रा प्रभात, प्राध्यापक डॉ. हेमलता गर्ग, सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित था। उच्च शिक्षा विभाग के सरकारी कॉलेज अब सौर ऊर्जा सिस्टम से रोशन के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने शहर सहित जिले के कॉलेजों में से 3 कॉलेजों का चयन किया गया था। इनमें स्लीमनाबाद कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज और तिलक कॉलेज शामिल थे। कॉलेजों को सौर ऊर्जा से बिजली मिलने पर एक तिहाई बिल में एक तिहाई तक बचत होनी थी। इसमें कॉलेजों को राशि खर्च नहीं करनी थी। रेस्को मॉडल आधारित ग्रिड संयोजित सौर पावर प्लांट लगाया जाना था। प्लांट लगाने के बाद प्लांट से तैयार हुई बिजली को कंपनी से न्यूनतम दर पर कॉलेज खरीद सकते थे। हर महीने बिजली के बिल में एक तिहाई बचत होगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विश्व बैंक और इंटरनेशनल सोलर एलायंस के सहयोग से प्लांट लगाने की प्रक्रिया की जा रही थी। प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले 293 सरकारी कॉलेजों को प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। इसके पहले फेज में कटनी जिले के तीन कॉलेज शामिल हुए थे। लेकिन पहले फेज में ही काम नहीं हो सका है। इससे बाकी के कॉलेजों में भी प्लॉट लगाने की प्रक्रिया रुक गई।

## कटनी में वाहन खड़ा करने से पहले हो जाएं सतर्क वरना पलक झपकते होगा गायब

***कटनी। सावधान कटनी में आप अपना वाहन कहीं भी खड़ा करने में सतर्क रहें। वाहन चोर गिरोह पलक झपकते वाहन चुरा सकता है।*** वाहन चोर गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। पुलिस वाहन चोरी के आरोपियों की तलाश ही करती रह गई और चोरों ने एक फिर एक बार चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। कोतवाली थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित साधूराम स्कूल कैम्पस से चोरों ने 70 हजार रुपए कीमत मोटर साइकिल पार कर दी। पुलिस ने चोरी की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी सिब्बू पिता बारेलाल बर्मन की मोटर साइकिल साधूराम स्कूल कैम्पस में खड़ी थी। जिसे चोरों ने चोर कर लिया है। चोरी की सूचना के बाद पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। बतादें कि इससे पहले भी वाहन चोरी की तीन वारदातें हो चुकी है। सात दिनों के अंदर चोरी की यह चौथी वारदात है। इससे पहले गांधीगंज क्षेत्र से योगेश खरे की बाइक चोरी हो गई थी, माधवनगर थाना क्षेत्र स्थित न्यायालय के कर्मचारी वाहन स्टैंड से आदर्श कॉलोनी निवासी सलिल कुमार मुखर्जी की बाइक भी चोरी हो चुकी है। इसके अलावा पन्ना जिले के शाहनगर के रैपुरा थाना क्षेत्र निवासी चैबे लाल यादव की बाइक को कोतवाली थाना क्षेत्र के सुभाष चैक स्थित इलाहाबाद बैंक के पास से चोरी हो गई है। चोरों की तलाश के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। लेकिन अब तक ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंच सके।

### उत्साह से मनी संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती

**कटनी।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती आज शहर में अपार उत्साह और हर्षोल्लासमय वातावरण में मनाई जा रही है। इस अवसर पर श्री पंचायती मंदिर शेर चौक में आज 27 अप्रैल की सुबह 10 बजे से श्री सेन जी महाराज का पूजन अर्चन किया गया, इसके उपरांत हवन व आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। सेन समाज के जिलाध्यक्ष गोविन्द प्रसाद सेन ने बताया कि सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती हर साल अपार उत्साह एवं हर्षोल्लासमय वातावरण में मनाई जाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेन समाज के पुरूषों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही।

# ट्रामा सेंटर चलाने के लिए न तो उपकरण, न ही स्टाफ

**कटनी ।** जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर दो मेडीकल आफीसर के भरोसे संचालित हो रहा है। 17 मई 2018 को 4 करोड़ 19 लाख की लागत से ट्रामा सेंटर का लोकार्पण किया था। उस समय जनता को बेहतर इलाज की उम्मीद बंधी थी। लेकिन अब ट्रामा सेंटर चलाने के लिए न तो उपकरण हैं न ही स्टॉफ है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश के अनुसार 2011 में इसके लिए पद स्वीकृत हो चुके हैं। इसमें विशेषज्ञ 2, सर्जन 2, एनीस्थीसिया विशेषज्ञ 3, अस्थि रोग विशेषज्ञ 3, चिकित्सा अधिकारी 11, स्टॉफ नर्स 25 लैब टेक्नी शियन, ड्रेसर, वार्ड ब्वाय, सफाई कर्मचारी के 4-4 और वाहन चालक के दो पद स्वीकृत हैं। इन पदों में केवल 15 लेब टैक्नीशियन की आपूर्ति ही हो पाई है। वार्ड ब्वाय का काम सफाई कर्मी कर रहे हैं। इसके अलावा कोई व्यवस्थाएं नहीं है। इससे आम नागरिकों को परेशान होना पड़ता है। जिले में बिना चिकित्सकों के ट्रामा सेंटर लोकार्पित तो कर दिया गया लेकिन चिकित्सकों की कमी और आवश्यक संसाधनों के अभाव में ट्रामा सेंटर उस तरह काम नहीं कर पा रहा है जिस उद्देश्य से ट्रामा सेंटर की स्थापना की गई थी। ट्रामा सेंटर निर्माण के लिए शासन ने 4.39 करोड़ रुपए की प्रशाकीय स्वीकृति प्रदान की थी। विभाग ने 28 जून 2013 को कार्यादेश (वर्कआर्डर) जारी करते हुए 419 लाख 77 हजार रुपए की तकनीकी स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण कार्य को 18 माह में पूरा कराएं जाने का अनुबंध किया। अनुबंध के मुताबिक ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य दिसंबर 2014 में पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन ट्रामा सेंटर विभिन्नाा कारणों से मई 2018 में लोकार्पित हो पाया। धीमी गति से कार्य किया जिसके कारण कार्य में विलंब हुआ। बड़ी मुस्किल से ट्रामा सेंटर का भवन तो पूरा हुआ लेकिन अब ट्रामा सेंटर भवन जिस उददेश्य से बनाया गया पूरा नहीं हो पा रहा है। यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में ट्रामा सेंटर बनाए जाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
11.30, 3, 6.30 एवं रात्रि 9.45 बजे से

JERSY (हिंदी में)
कलाकार- शाहिद कपूर, मृनाल ठाकुर, पंकज कपूर, शिशिर शर्मा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 22 से
12.30, 3.45, 7, एवं रात्रि 10.15 बजे से

KGF CHAPTER–2 (हिंदी में)
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में

शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 14 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
KGF CHAPTER-2
(हिन्दी में )
कलाकार- यश, संजय दत्त, सुनिधि शेट्टी, प्रकाश राज आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो.

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

## माझी समाज करेगा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन

### तैयारियां शुरू, सदस्यों को दी गई जिम्मेदारियां

**कटनी।** माझी समाज जिला कटनी द्वारा आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। समाज के जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से चर्चा उपरांत माझी समाज जिला कटनी द्वारा आगामी मई-जून के महीने में सामूहिक आदर्श विवाह स मेलन एवं युवक-युवती परिचय स मेलन का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। आयोजन की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। जिलाध्यक्ष श्री सोंधिया ने बताया कि माझी समाज जिला कटनी द्वारा पूर्व में भी कटनी जिले में सामूहिक आदर्श विवाह महायज्ञ के कई सफल आयोजन किए जा चुके हैं, जिसमे 51 जोड़ों तक के विवाह कराए जा चुके हैं। इन आयोजनों में कटनी ही नहीं वरन प्रदेश के कई जिलों के साथ ही छत्तीसगढ़ से कई शहरों से सामाजिक बंधु आकर अपनी कन्याओं के हाथ पीले करते हैं। कटनी के आयोजन की पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान है। पिछले दो साल से कोरोना संक्रमण के चलते माझी समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह महायज्ञ का आयोजन नहीं किया गया था, लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण से राहत मिलने एवं राज्य सरकार द्वारा गाइडलाइन में दी गई छूट के बाद सामूहिक आदर्श विवाह एवं परिचय स मेलन का आयोजन किए जाने पर विचार किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों में जिलाध्यक्ष महेश सोंधिया के साथ ही संरक्षक योगेश सोंधिया, सुखराम निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष रविकांत रैकवार, जिला सचिव सचिन कश्यप, जिला महामंत्री प्रकाश सोंधिया, उपाध्यक्ष राजेश निषाद, अशोक वर्मा, श्रीमती रजनी बर्मन, श्रीमती वर्षा रैकवार, श्रीमती शिवकुमारी कश्यप, नगर अध्यक्ष आशीष रैकवार, विजय सोंधिया, प्रकाश रैकवार, श्याम निषाद, प्रकाश चंद्र रैकवार, सोनू सोंधिया, रमेश रैकवार, जितेन्द्र सोंधिया, नितिन रैकवार, भीम बर्मन, पंकज बर्मन, संतोष बर्मन, सुनील रैकवार सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 27 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

## प्रश्नमंच प्रतियोगिता के लिए दो छात्रों का चयन

**कटनी।** जिले के समस्त शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में सत्र 2021-22 में अध्ययनरत कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिये विद्यालय, जन शिक्षा केन्द्र एवं विकासखण्ड स्तर के पश्चात जिला स्तर से चयनित दल संभाग स्तर पर प्रश्नमंच क्विज प्रतियोगिता आयोजित किये जाने हेतु एक दिवसीय प्रश्नमंच का आयोजन 28 अप्रेल को प्रातः 11 बजे से डाइट जबलपुर के सभाकक्ष में किया गया है, जिसमे कटनी जिले से जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ 2 प्रतिभागियों के दल का चयन किया गया है। जिसमे सिद्धार्थ मौर्य कक्षा आठवी 8 शासकीय माध्यमिक शाला कन्हवारा एवं शेखर सोनी कक्षा आठवी 8 शासकीय माध्यमिक शाला जोबीकला शामिल है।

## लघु उद्योग भारती द्वारा संचालित किया जा रहा शीतल जल प्याऊ

**कटनी।** लघु उद्योग भारती स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम में स्थापना दिवस 25 अप्रैल को लघु उद्योग भारती इकाई कटनी के द्वारा माधव नगर चावला चौक पर शीतल पेयजल प्याऊ का उद्घाटन किया गया इसका संचालन अगले 2 माह तक निरंतर संस्था द्वारा किया जाएगा जिससे इस भीषण गर्मी में माधव नगर क्षेत्र के राहगीरों को राहत मिलेगी इस उपलक्ष में हरि सिंह भदौरिया, मुरलीधर रत्नानी, सुरेश रत्नानी, रमेश, गुप्ता, मनीष सिंह, झामंनदास प्रीतमानी, अरविंद मोहनानी, अमृत, पंजवानी रामचन्द वाधवानी, खीयल दास चावला, मनोहर लाल भोजवानी, उपस्थित रहे। लघु उद्योग भारती इकाई कटनी द्वारा जनहि हितेषी शुभ कार्य को कार्यान्वित करने के लिए प्रांतीय महासचिव अरुण सोनी, महाकौशल सचिव अनिल वासवानी अमित सिंघई, नीलेश विश्वकर्मा, के द्वारा संचालन कमेटी की तारीफ की गई।

## अमेरिका से आए संत का बरही में भव्य स्वागत

### माँ सिद्धदात्री पूर्णेश्वरी दरबार बरही में संत समागम, अमेरिका से हरिकथा का रसपान कराने बरही पहुँचें द्वारिकानंद गिरि जी महाराज

**बरही।** संदीप कालोनी बरही में विराजी मां सिद्धदात्री पूर्णेश्वरी देवी के दरवार में एक दिवसीय संत समागम दिव्य हरिकथा का आयोजन 27 अप्रैल को किया गया है। हरिकथा का रसपान कराने अमेरिका से अंतरराष्ट्रीय संत महाकाल भैरव अखाड़ा श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर आचार्य प्रोफेसर द्वारिकानंद गिरि जी महाराज मंगलवार को बरही पहुँचे। सुबह माँ के दरवार में पहुँचकर पूजा आराधना करते हुए मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। बुधवार की दोपहर 1 बजे हरिकथा का कार्यक्रम रखा गया है। संत द्वारिकानंद गिरी जी महाराज का आयोजन समिति ने पूरे उल्लास, भक्तिभाव के साथ स्वागत, अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के समाजसेवी संदीप अग्रवाल सहित प्रभाकर तिवारी, के आर दुबे, नंदकिशोर गुप्ता आदि मौजूद रहे। मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम का सिलसिला जारी रहा।

**नृत्य सम्राट बिरजू महाराज के भतीजे सतीश शुक्ला दे रहे ट्रेनिंग, स्वरूप लक्ष्मी समिति द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षण**

## कत्थक नृत्य की बारीकियां सीख रहे प्रशिक्षणार्थी

**कटनी।** नृत्य सम्राट पद्मभूषण बिरजू महाराज की स्मृति में स्वरूप लक्ष्मी महिला समिति द्वारा गायन, वादन एवं नृत्य की विधा में 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। गत दिवस गर्ग चौराहा स्थित रजनीकांत गुप्ता के हॉल में प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ लखनऊ एडीशनल घराने के नाम से विख्यात नृत्य गुरू बिरजू महाराज भांजे पं. सतीश शुक्ला द्वारा किया गया। शिविर में मेडीटेशन और कत्थक के जरिए वजन कम करने के तरीके भी बताए और समझाए जा रहे हैं। शिविर को लेकर प्रशिक्षणार्थियों में व्यापक उत्साह देखने मिल रहा है। स्वरूप लक्ष्मी महिला समिति की संचालक लक्ष्मी जायसवाल ने बताया कि 5 दिवसीय शिविर के बाद भी कत्थक नृत्य के प्रशिक्षण का सिलसिला चलता रहेगा। वर्कशॉप एवं कथक क्लासेस में कत्थक नृत्य की बारीकियां समझाईं जा रहीं है। नृत्य गुरू सतीश शुक्ला स्वयं प्रशिक्षण दे रहे हैं। कटनी के अलावा आस-पास के क्षेत्रों से भी नृत्य के टिप्स सीखने लोग आ रहे हैं। आगामी 1 मई से नियमित तौर पर शाम 4 से 7 बजे तक सीनियर स्टूडेंट द्वारा गुरूजी के निर्देशन में डांस क्लास संचालित होगीं। 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलने वाले 5 दिवसीय शिविर के बाद 30 अप्रैल को बस स्टैण्ड स्थित आडीटोरियम में नृत्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ट्रेनिंग लेने वाले प्रशिक्षाणार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर मोना साहू, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी, सौम्या रांधेलिया,

श्वेता गुप्ता, संगीता जायसवाल, सपना जैन, पूर्वा पटेल, प्रीति गुप्ता, ममता गुप्ता, परमजीत कौर, दीपशिखा शिवहरे, वीणा बैनर्जी, रूपलाल पटेल आदि की उपस्थिति रही। इस मौके पर शिविर की संचालिका लक्ष्मी जायसवाल नृत्य गुरू सतीश शुक्ला एवं अन्य अतिथियों का सम्मान किया गया।

## नंद के आनंद भयो,जय कन्हैयालाल की

### श्री राम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, इमलिया में गर्ग परिवार द्वारा संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**कटनी।** परमपूज्य ब्रम्हदेव जी महाराज, मां महाकाली एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से गर्ग परिवार द्वारा स्व. मुरलीधर गर्ग, स्व. श्रीमती कलावती गर्ग, स्व. नंदकुमार गर्ग एवं धनेन्द्र गर्ग जित्तू की पुण्यस्मृति में ग्राम पंचायत इमलिया स्थित मनकामेश्वर मंदिर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 23 अप्रैल से 30 अप्रैल किया गया है। कथा व्यास पूज्य गुरुदेव आचार्य डॉ बालेन्दु प्रसाद मिश्रा महाराज बरगढ़ वाले के सानिध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी सं या में श्रद्धालु पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा की शुरूआत 23 अप्रैल शनिवार को कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत बैठकी एवं महात य कथा के साथ हुई थी। इसी तरह 24 अप्रैल रविवार को श्री व्यास जी नारद संवाद, महाभारत कथा, भीष्म स्तुति, 25 अप्रैल सोमवार को श्री शुकदेव आगमन, कपिलोपा यान, ध्रुव चरित्र एवं कल 26 अप्रैल मंगलवार को श्री नृसिंह, वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु

झूम उठे। आज 27 अप्रैल बुधवार को श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, 28 अप्रैल गुरुवार को श्री महारास कथा, श्री कृष्ण रुकमणी कथा, 29 अप्रैल शुक्रवार को सुदामा चरित्र, कथा विश्राम, चारों धाम का हवन एवं 30 अप्रैल शनिवार को कन्या भोज, ब्राह्मण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है। पारायण मूलपाठ प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं कथा समय प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक है। इस अवसर पर मु य श्रोता महेन्द्र गर्ग, श्रीमती प्रीतम देवी गर्ग, श्रीमती पिंकी धनेन्द्र गर्ग, धर्मेन्द्र गर्ग, श्रीमती सरिता गर्ग, अमित श्रीमती सुमन गर्ग, कृष्णकांत श्रीमती प्रिया गर्ग, अंकित श्रीमती शालिनी गर्ग, अजय श्रीमती सुमन गर्ग, पंकज नीलम तिवारी, प्रमोद गर्ग, श्रीमती उर्मिला गर्ग, रविशंकर गर्ग, श्रीमती सुधा गर्ग, सुरेन्द्र गर्ग, श्रीमती अंजू गर्ग, रामजी गर्ग, श्रीमती प्रभा गर्ग, जितेन्द्र गर्ग, श्रीमती संध्या गर्ग, बबलू गर्ग, श्रीमती सावित्री गर्ग, देवेन्द्र गर्ग, श्रीमती रश्मि गर्ग, कृष्णदत्त द्विवेदी, श्रीमती बबीता द्विवेदी, जितेन्द्र पाण्डे, श्रीमती सविता पाण्डे सहित बड़ी सं या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्डकटनी**

कमांक / 1238 / का0यं0 / नि.प्रको. / लो0स्वा0यां0 / परि0खण्ड / 2022 कटनी, दिनांक 23.4.2022

**निविदा आमंत्रण**

**सूचना कमांक 01 to 02/2022-23**

ई–टेण्डरिंग पद्वति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों में नलकूप खनन एवं हैण्डपम्प स्थापना कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है।

| निविदा कमांक | सिस्टम निविदा कं. | कार्य का विवरण | निविदा की लागत लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा कय एवं निविदा दर डालने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/22-23 | 2022_PHED_198850_1 | जिले के विभिन्न विकासखंडों में 125/115 मिमी व्यास के 120 मीटर गहरे 40 नग साधारण नलकूपों का खनन एवं हैण्ड पम्प स्थापना कार्य | 31.88 | 50000 | 5000 | 12 माह | 3.5.2022 |
| 02/22-23 | 2022_PHED_198851_1 | जिले के विभिन्न विकासखंडों में 300/100 मिमी व्यास के 60 मीटर गहरे 40 नग ग्रेवलपैक नलकूपों का खनन एवं हैण्ड पम्प स्थापना कार्य | 35.44 | 50000 | 5000 | 12 माह | 3.5.2022 |

ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी – 05.05.2022 10.00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System)केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही कय किये जा सकते है । निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्षाई गई बेबसाईट पर देखे ।

G-11952/22

कार्यपालन यंत्री
लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियाजना खण्डकटनी
फोननं.–07622–225752

## विशाल भंडारे में हजारों ने लिया प्रसाद

9 बजे पूर्णाहूति हवन के साथ ही कल 26 अप्रैल को महाभण्डारा एवं जल बिहार बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजक श्रोता गोवर्धन बर्मन ठेकेदार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, पूर्व महापौर रूकमणी बर्मन, पूर्व जनपद अध्यक्ष वेंकट निषाद, योगेश सोंधिया, मनोहर बर्मन, आशीष रैकवार, राकेश यादव, सुरेश बर्मन, श्रीमती सीता बर्मन, मखोली बर्मन, अनीता बाई बर्मन, आनंद कुमार, रजनी बर्मन, अजित कुमार, प्रीति बर्मन, बिहारीलाल ममता बर्मन, रामकिंकर बर्मन, गौरीबाई बर्मन, अशोक मीना बर्मन, बद्री संगीता बर्मन, घनश्याम सीमा बर्मन, अर्जुन सोमवती, ओमप्रकाश सुलोचना, अजय, टिन्कू, सचिन, अभिजीत आदि की उपस्थिति रही।

### हिरवारा में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**कटनी।** ग्राम हिरवारा स्थित हनुमान मंदिर में बर्मन परिवार द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का कल विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम 7 बजे तक चलता रहा। इस दौरान हजारों की सं या में ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य अनमोल मणि महाराज के सानिध्य में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का 18 अप्रैल से शुरू हुई थी और 25 अप्रैल को सुदामा प्रसंग, भागवत धर्म का निरूपण एवं रात्रि

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाय 50 हॉल- ऑफिस, बैंक, गोदाम एवं कार्यालय के लिए**

**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.)**

**मो. 8109417340**

**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा** **विद्युत शाखा**

**दिनांकः 23.04.2022**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी जक्शन, भारत संघ राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांकः** न.क.ज-डी-रीसर्टिफिकेशन-आईएमएस दिनांक 23.04.2022, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** डीजल शेड नई कटनी जंक्शन के इन्टीग्रेटेड मैनेजमेन्ट सिस्टम (क्यूएमएस, ईएमएस, ओएचएसएएस एवं ईएनएमएस) का अपग्रेडेड वर्शन के साथ रिन्यूअल/री-सर्टिफिकेशन का कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्यः₹** 1,52,330/-, **बयाना राशि (₹)ः** 3,100/-, **समापन अवधिः** 03 वर्ष, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12.00 बजे तक) :** 18.05.2022, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in". पर उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, नई कटनी जंक्शन**

कोरोना को भगाना है, मास्क व वैक्सीन लगाना है

**कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)**

क्रमांक -349/ज.प्र.वि/2022-23 कटनी दिनांकः- 22/04/2022

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत, ठेकेदारों से समस्त दर पर निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित की जाती है। समस्त पूरी शर्तें व जानकारी अभीहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगरपालिक निगम, कटनी में अथवा https://www.mptenders.gov.in पर पोर्टल पर देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाख रुपये में ) | अमानत राशि ( राशि रुपये में ) | निविदा प्रपत्र की मूल्य( राशि रुपऐ में ) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पेयजल सप्लाई हेतु ट्रक माउंटेड टैंकर (क्षमता 5,000 लीटर, 10,000 लीटर से 14,000 लीटर) ड्राईवर सहित किराये से लिये जाने बाबत्। | 05.00 | 5,000/- | 2000/- |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है:-
( 1 ) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 25.04.22 को सायंकाल 5:30 से।
( 2 ) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.05.22 को सायंकाल 5:30 तक।
( 3 ) बिड खोलने की तिथि 12.05.22 को दोपहर 1:00 बजे से।
( 4 ) निविदा के सभी संशोधन सिर्फ ऑनलाईन अपलोड किये जायेगें। समाचार पत्रों में नहीं।

कार्यपालन यंत्री
बासने आयुक्त
नगर पालिक निगम कटनी

**एम जी एम हॉस्पिटल, कटनी में**

**निःशुल्क BMD शिविर**

**शनिवार, 7 मई 2022**

**समय – सुबह 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक**

**डॉ. पंकज गुप्ता**
एम.बी.बी.एस., एम. एस.
विशेषज्ञ चिकित्सक
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन

चुस्त दुरूस्त जीवन के लिए आवश्यक है मजबूत हड्डियां । यदि निम्नलिखित समस्या है तो हड्डियों की कमजोरी से ग्रसित हो सकते हैं –
1. उम्र 40 से ज्यादा है ?
2. थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां टूट जाती हैं ?
3. बच्चेदानी का ऑपरेशन हो चुका है ?
4. वजन ज्यादा है ?
5. मौसम के अनुसार आपकी हड्डियों में दर्द होता है ?
6. कसरत करने का वक्त नहीं मिलता है ?
7. धूम्रपान व शराब का ज्यादा सेवन करते हैं ?
8. श्वास (अस्थमा) संबंधित डायबिटीज संबंधित दवाईयां लेते हैं ?
9. थायराइड की परेशानी है ?
10. कमर में बहुत दर्द होता है ?
11. लकवा की शिकायत है ?
12. कोविड-19 (कोरोना) बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं ?

सामान्य तौर पर इस जांच के 3000 रूपये से 5000 रूपये तक लगते हैं जो कि इस दिन आपके लिए निःशुल्क है ।
निःशुल्क अस्थि जांच हेतु अपना रजिस्ट्रेशन आज ही करायें।

अगर पूछे गये किसी भी सवाल का जबाव हां है तो आपको आस्टियो पोरोसिस नामक बीमारी का खतरा हो सकता है । आस्टियो पोरोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें हड्डियां बहुत कमजोर व नरम हो जाती है । नतीजन हल्की सी फिसलन या गिरने पड़ने वाले हल्के से दबाव से बुढापे में हड्डियां जल्दी फ्रैक्चर हो जाती है । 40 साल से ज्यादा उम्र के सभी लोग खासतौर से राजोनिवृत (Menopausal) महिलाएं ऑस्टियोपोरोसिस की जांच साल में एक बार जरूर करायें।

रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें

**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन – 07622-405070, 405071

**कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)**

पत्र.....क्रमांक/अनुज्ञा शाखा/2022 कटनी दिनांक .03.2022

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कालोनाइजर शुभ बिल्डर्स, श्री विकास गुप्ता एवं हीरानंद टहलरमानी द्वारा ग्राम पड़रवारा खसरा नं. 204/1, 204/2, 204/4, 204/5, 161/1, 161/2, 161/3, 161/4 रकवा 6.32 हे. पर कालोनी विकास अनुज्ञा इस कार्यालय से क्रमांक 285बी दिनांक 20.01.2012 को प्राप्त की गई थी। कालोनाइजर द्वारा कालोनी में प्रस्तावित आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने हेतु कालोनी में भूखण्ड कमांक 102 से 145, 194 से 217 ,154 से 161, 179 से 184, 228 से 231, 252 से 256, 279 से 284, 307 से 315, 340 से 342, 373, 374 तथा 405 को इस कार्यालय में बंधक रखा गया है। कालोनी विकास अनुज्ञा की समयावधि का अवसान होने के पश्चात भी कालोनाइजर द्वारा विकास कार्य पूर्ण नहीं किये जाने से नगर निगम द्वारा उक्त भूखण्डों को अधिपत्य में लेकर शेष विकास कार्य पूर्ण कराने की कार्यवाही किया जाना है। तत्संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था हितबद्ध पक्षकार को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो कार्यालय में सात दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने की दशा में यह माना जावेगा कि भूखण्डों के विक्रय एवं नीलामी में किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

**From 22th April 2022**

CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Millal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| JERSY | 12.00 PM | KGF Hindi 2D | 12:15 PM | JERSY | 9:30AM |
| JERSY | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 3:30 PM | KGF Hindi 2D | 1:00 PM |
| JERSY | 7:00 PM | KGF Hindi 2D | 6:45 PM | KGF Hindi 2D | 4:15 PM |
| JERSY | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 10:15 PM | KGF Hindi 2D | 7:30 PM |
| | | | | KGF Hindi 2D | 10:40 PM |

Paytm
bookmyshow

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# किसान क्रेडिट कार्ड बनाने 1 मई तक चलेगा विशेष अभियान

## कलेक्टर ने किसानों से क्रेडिट कार्ड बनवाने की अपील

**कटनी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र हितग्राहियों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने कटनी जिले में एक मई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने किसानों से अपील की है कि जो भी किसान अभी तक केसीसी की सुविधा से वंचित हैं, वे अभियान के दौरान ग्राम सचिव, पंचायत के प्रशासनिक प्रधान से नजदीकी बैंक शाखा से संपर्क कर केसीसी कार्ड बनवाये तभा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी पंजीकरण करवायें। अभियान के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के ऐसे प्रत्येक लाभार्थी किसान के क्रेडिट कार्ड बनाए जायेंगे, जिन्हें भी अब तक यह सुविधा नहीं मिली है। अभियान के तहत किसानों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जोड़ा जायेगा। किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिये किसानों को आवेदन पत्र के साथ खसरा-खतौनी की प्रति, आधार कार्ड की प्रति एवं पासपोर्ट आकार की फोटो भी संलग्न करनी होगी। इस दौरान पीएम किसान योजना के ऐसे किसानों के बैंक खातों में आधार सीडिंग भी की जायेगी, जिनके बैंक खातों में आधार नंबर अभी तक दर्ज नहीं हुये हैं।

# साक्षात्कार से चुने जाएंगे युवा कांग्रेस के प्रवक्ता

## श्रेहा खंडेलवाल सागर और उमरिया की प्रभारी नियुक्त

**कटनी।** मप्र युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश प्रवक्ता श्रेहा रौनक खंडेलवाल को यंग इंडिया के बोल सीजन-2 के लिए सागर एवं उमरिया जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय मुद्दों पर युवाओं के विचार प्रस्तुत कराने के लिए युवा कांग्रेस ने हर जिले में यंग इंडिया के बोल सीजन-2 कार्यक्रम का शुभारंभ किया है।

गत वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी लोकतांत्रिक चयन प्रक्रिया से यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के लिए एक ऐसा मंच तैयार करने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें युवा अपने क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा कर सकें। कार्यक्रम के माध्यम से देश भर से चुनकर आये युवा वक्ता दिल्ली के मंच में अपनी बात रखेंगे और विजेता बनेंगे। शिक्षित युवा ही देश की राजनीति को बदल सकते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं को भारतीय युवा कांग्रेस मंच उपलब्ध करा रही जिसमें साक्षात्कार के माध्यम से जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

**कटनी।** जिला पंचायत सीईओ जगदीश चन्द्र गोमे ने रविवार को विजयराघवगढ़ विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री गोमे ग्राम पंचायत धवैया, उबरा और खिरवा नंबर 1 पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होने जल संरचनाओं के निर्माण कार्य का मौके पर स्थल निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधितों को दिये। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ राकेश शुक्ला सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर ग्रामीणों को भी किया जागरूक

**उमरियापान।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वृक्षारोपण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा सीएससी केन्द्रों के माध्यम से लगातर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। गत सोमवार को ढीमरखेड़ा की भटगवां और बहोरीबंद की स्लीमनाबाद सहित अन्य ग्राम पंचायतों में कई जगह वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। जिला प्रबंधक पूजा तिवारी ने आम जनमानस को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करते अधिक से अधिक पौधे रोपे जाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर वीएलई अजय यादव, विजय हल्दकार, सचिव शैलेन्द्र परौहा, सुखचैन काछी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# भाजपा जिला कार्यालय में सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

## प्रधानमंत्री मोदी ने कैशलेस डेआउट की कहानी सुनाई
## कहा-छोटी पेमेंट ने बड़ी डिजिटल इकोनॉमी बनाई

**कटनी।** जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 88 वां एपिसोड देखा सुना गया। मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा- इस बार सबसे ज्यादा चिट्ठियां नए प्रधानमंत्री संग्रहालय को लेकर आई हैं। म्यूजियम में डिजिटाइजेशन पर भी फोकस बढ़ा है। 18 मई को दुनिया में इंटरनेशनल म्यूजियम डे मनाया जाएगा। क्यों न आने वाली छुट्टी में आप स्थानीय म्यूजियम में जाएं और इसे म्यूजियम मेमोरिज में साझा करिए।

## कैशलेस डेआउट की सराहना की

हाल ही में मुझे ऐसे संकल्प के बारे में पता चला। क्या आप सोच सकते हैं कि कोई अपने घर से ये संकल्प लेकर निकले कि आज दिनभर पूरा शहर घूमेगा और एक भी पैसे का लेनदेन कैश में नहीं करेगा। हर दिन हो रहे 20 हजार करोड़ के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन अब छोटे शहरों और गांवों में भी यूपीआई से लेनदेन हो रहा है। एक कल्चर बन रहा है। गली-मोहल्ले की दुकानों में ज्यादा ग्राहकों की सेवा का मौका मिल रहा है। आप भी इसे महसूस कर रहे होंगे। बैंक, एटीएम और कैश का झंझट खत्म। आपके इन छोटे-छोटे ऑनलाइन पेमेंट से डिजिटल इकोनॉमी बन रही है। 20 हजार करोड़ रुपए के ट्रांजैक्शन हर दिन हो रहे हैं। मार्च में यूपीआई ट्रांजैक्शन 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा। अगर आपके पास भी डिजिटल पेमेंट और स्टार्टअप इकोसिस्टम की ताकत से जुड़े अनुभव हैं तो ये दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक अलका जैन, पिछला वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, नरसिंहपुर से आए युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आकाश सेन, चेतन हिंदुजा, मृदुल द्विवेदी, रम्मू साहू, भारत पटेल, भावना सिंह, मीना कश्यप, अर्पित अग्रवाल, आशुतोष शुक्ला, सचिन तिवारी, ओंकार मिश्रा, विजय गुप्ता, रवि खरे, शिवम शर्मा, नवाब खान, अनुराग त्रिसोलिया, प्रशांत परोहा, अज्जू सोनी, मंगल तिवारी, आशीष गौतम, अजय माली, अमित पूरी, नवल चतुर्वेदी, अनुराग गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

# मणिपुर एवं नागालैंड की संस्कृति को प्रस्तुत किया छात्राओं ने

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत ईबीएसबी क्लब द्वारा गत दिवस प्राचार्य डॉ. आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ईबीएसबी क्लब की प्रभारी डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल ने क्लब के अंतर्गत संचालित करायी जाने वाली गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही इसके लिए छात्राओं को प्रेरित किया। ईबीएसबी क्लब द्वारा भाषण के माध्यम से मणिपुर एवं नागालैंड की संस्कृति एवं आचार व्यवहार का परिचय दिया गया। जिसमें दीपाशा ओबेरा, पूजा दुबे, आकांक्षा गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति में वहां के वेषभूषा, रहन-सहन, खानपान, कलाकृति एवं उनके आपसी व्यवहार के बारे में बताया। कार्यक्रम में नम्रता निगम, भीम बर्मन, आरती वर्मा एवं अन्य 30 छात्राओं की सहभागिता रही।

# स्थापना दिवस पर लधु उद्योग भारती ने किया वरिष्ठ उद्यमियों का सम्मान

**कटनी।** लघु उद्योग भारती इकाई कटनी के द्वारा 28 वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के गणमान्य वरिष्ठ उद्यमी बंधुओं मधुसूदन बगड़िया, मथुरा प्रसाद सोनी, नंदलाल ग्रोवर, रवि ग्रोवर, चमनलाल आनंद, डेटाराम वासवानी, सरदार बलदेव सिंह, दर्शन लाल गेई, अजय गेई का सम्मान श्रीफल शॉल और मोमेंटो भेंट कर इकाई अध्यक्ष हरि सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष मुरलीधर रतनानी, सीए संदीप पटोरिया, अजय खंडेलवाल द्वारा किया गया।

स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम में सदस्यता अभियान के अंतर्गत 11 नवीन सदस्यों को इकाई से जोड़ा गया जिनका स्वागत रमेश गुप्ता, रॉकी राजपलानी, सीए निखिल रामनानी, अनिल नवानी, गौरव मूंदड़ा, दीवान वासवानी, सत्यम मोदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ उद्योगपतियों द्वारा अपने औद्योगिक जीवन के संघर्ष से जुड़े हुए जीवन के अनेक किस्से साझा किए गए। कार्यक्रम में इकाई सदस्य एवं शहर के उद्यमी रामहित सोनी, सुरेश रतनानी, विजय नवानी, किशोर ओचानी, राम अग्रवाल, यशकांत अग्रवाल, नितिन जैन, विनोद महेश्वरी, अशोक चेनानी, अमित रजवानी, विजय मोहनानी आदि उद्यमी उद्यमी उपस्थित थे आभार प्रदर्शन इकाई अध्यक्ष हरिसिंह, भदौरिया द्वारा तथा मंच संचालन इकाई सचिव अमित सिंघई, स्थापना दिवस प्रभारी मनीष सिंह एवं सह प्रभारी निलेश विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

# नागरिकों को बताया कैसे दें दस सवालों के जवाब

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 हेतु नागरिक फीडबैक के तहत पूछे जाने वाले 10 आसान सवालों की जानकारी से नगर के अधिक से अधिक नागरिकों को अवगत कराकर सकारात्मक जवाब देकर कटनी नगर को स्वच्छता में नंबर बनानें की अपील रोजाना अभियान चलाकर की जा रही है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन नें जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में नागरिक प्रतिक्रिया हेतु निगम के गठित द्वारा आज प्रातः से नगर के अहिंसा तिराहा, कचहरी तिराहा, अल्फर्ट गंज सहित नगर के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागरिकों से संपर्क किया जाकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत नागरिक प्रतिक्रिया में पूछे जानें वाले 10 आसान सवालों की जानकारी प्रदान की जाकर मात्र 1 मिनट में पूछे जाने वाले सवालों का जवाब देकर शहर को स्वच्छता में नंबर 1 बनाने की अपील की गई।

## साईं समिति द्वारा भोजन-प्रसाद के एक हजार पैकेट वितरित

# आराधना महोत्सव के रूप में मना सत्य साईं बाबा का महासमाधि दिवस

**कटनी।** भगवान श्री सत्य साई बाबा के 'महासमाधि दिवस 24 अप्रैल' को भारत ही नहीं वरन विश्व के अनेक देशों में साई संगठनों द्वारा आराधना महोत्सव का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में साई समिति कटनी-1 द्वारा भी विविध आयोजन किये गए। प्रथम चरण में प्रातः 5 बजे श्री गोविंद देव जी मंदिर में ओमकारम सुप्रभातम तथा श्री गणपति प्रार्थना के साथ 'वृहद नगर संकीर्तन' शहर के विभिन्न भागों से होता हुआ श्रीगोविंद मंदिर में संपन्न हुआ। तत्पश्चात 10. 30 बजे से द्वितीय चरण के अंतर्गत नारायण सेवा आरंभ हुई। जिसमें स्वामी कृपा से एक हजार भोजन-प्रसाद के पैकेट' नगर में ज़रूरतमंदों को व शासकीय चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों को तथा गोद लिए गए ग्राम शिवराजपुर में महिला एवं पुरुष युवा सेवादल सदस्यों ने वितरित किए। आराधना महोत्सव का 'तृतीय सेवाचरण'

कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रं. 5 पर प्याऊ की प्रारंभिक रूपरेखा, स्ट्रक्चर रखकर आंशिक शुभारंभ किया गया। हालांकि 'जिला चिकित्सालय में जल सेवा' पूर्व में ही संचालित है। चतुर्थ चरण एवं मुख्य कार्यक्रम सायं 6 बजे से श्री गोविन्ददेव मंदिर में वेदपाठ व साई गायत्री के साथ आरंभ हुआएजिसमें सर्वधर्म के कर्णप्रिय भजनों का रसास्वादन उपस्थित भक्तों ने किया। इसके साथ साथ विभिन्न वक्ताओं ने साई हमसे क्या अपेक्षा करते हैंएए इस बात पर अपने विचार रखे। बालविकास के बच्चों ने आराध्य को समर्पित अनोखी आराधना मूल्य गीत प्रस्तुत किया। अंत में महामंगल आरती के पश्चात आदरांजलि-पुष्पांजलि के अंतर्गत सभी भक्तों ने तुम्हें नमस्कार साई बाबा भजन के मध्य पुष्प अर्पित किए। समापन प्रसाद वितरण के पश्चात हुआ। ज्ञात हो कि न्यू कटनी समिति एवं समीपस्थ बरही समिति में भी इसी तरह की गतिविधियां संचालित हुई।

# नदीपार, कुठला और कृषि मंडी में चला सफाई अभियान

## निर्धारित मापदंडों के अनुसार रोज दो पालियों में काम कर रहे स्वच्छता दूत

**कटनी।** नगर निगम द्वारा दो पारियों के माध्यम नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के प्रयास किये जा रहे हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के निर्धारित पैरामीटर के अनुरूप नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो की सार्वजनिक सडकों एवं स्थापित डस्टबिन, लिटरबिन सहित विभिन्न सार्वजनिक शौचालयों की सफाई कराकर नागरिकों को उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था मुहैया करानें के प्रयास किये गए। नगर के मुख्य मार्गो की सुंदरता को दृष्टिगत रखते हुए नदीपार मुख्य मार्ग, कुठला, कृषि उपज मंडी मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारिका सिटी गेट, झिंझरी के मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गो के डिवाइडरों के दौनों ओर की धूल मिट्टी की सफाई का कार्य कराया गया।

## दो शिफ्ट में मार्गों की कराई जा रही सफाई

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में विगत दिवस रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगरीय क्षेत्र रेल्वे स्टेशन मुख्य मार्ग, बस स्टैंड परिसर सहित अन्य मुख्य मार्गो उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के विभिन्न मार्गो में सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो पन्ना मोड, कुठला मुख्य मार्ग, मिशन चौक, कोतवाली थाना मार्ग, स्टेट बैंक तिराहा, घंटाघर मार्ग, सुभाष चौक, बरगवां मुख्य मार्ग, भट्टा मोहल्ला, मंगलनगर पुलिया मुख्य मार्ग, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड बाजार क्षेत्र सहित नगर के अन्य स्थलों जालपा देवी वार्ड सामुदायिक भवन, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों, शिवाजी वार्ड के मुख्य मार्गो, अंबेडकर वार्ड के विभिन्न स्थलों, कावस जी वार्ड शमशान भूमि रोड सहित विभिन्न वार्डो की अन्य गलियों की सफाई का कार्य कराया जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। सार्वजनिक नाले नालियों से पानी की सुगम निकासी हेतु लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित पार्षद गली एवं कछियाना मोहल्ला की नालियों, जालपा देवी वार्ड के विभिन्न स्थलों, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला टिकरा वाले बडे नाले, फारेस्टर वार्ड स्थित मेंहदी बंगला मैदान एवं नालियों की सफाई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड साहू गली की नालियों, संत कंवरराम वार्ड स्थित मानसरोवर कॉलोनी की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य किया गया।

## डोर टू डोर कचरे का संग्रहण कर सेग्रीगेशन हेतु किया गया प्रेरित

नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न कचरे के प्वाइंटों की सफाई के साथ ही नगर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नागरिकों को घर से निकलने वाले कचरे के प्रकारों की जानकारी प्रदान की जाकर गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने एवं निगम के कचरा संग्रहक वाहनों में कचरा देकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

# विधि दासवानी, शोभा मंगलानी कांग्रेस आजीविका प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त

**कटनी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आजीविका प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आशीष शर्मा द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर महामंत्री जेपी धनोपिया के अनुमोदन एवं जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन की अनुशंसा पर कांग्रेस नेत्री विधि दासवानी शोभा मंगलानी को प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि स्व सहायता समूह की महिलाओं को कांग्रेस विचारधारा से जोड़कर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करें। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने शुभकामनाएं दी है।

## सूचना

महावीर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. कटनी पं.क्र. 37 के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि मप्र शासन सहकारिता विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में संस्था की एवं सदस्यों की जानकारी दिनांक 30.04.2022 तक आवश्यक रुप से चाही गई हैं। अतः आप निम्न जानकारी तत्काल संस्था कार्यालय गिफ्ट सेंटर, स्टेशन मेन रोड कटनी में दिनांक 29.04.2022 तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। समयावधि में चाही गई जानकारी प्रस्तुत न करने पर की कार्रवाई हेतु आप स्वयं जवाबदार होंगे।

(1) सदस्यता क्रं. (2) सदस्य का नाम, (3) पिता-पति का नाम, (4) माता का नाम, (5) स्थाई पता, (8) जन्म तिथि, (7) सदस्यता तिथि, (8) आयकर की स्थाई लेखा संख्या, (9) आधार नंबर, (10), वोटर आईडी क्रमांक, (11) देय राशि, (12) देय राशि जमा करने की सूचना दिनांक (13) सूचना का माध्यम, (14) जमा राशि, (15) पात्रता-अपात्रता, (16) भूखंड क्रमांक एवं क्षेत्रफल, (17) मोबाईल नंबर, (18) रिमार्क।

**अध्यक्ष- महावीर गृह निर्माण सह. समि. मर्या. कटनी**
**पं. क्रं. 37**

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्साह से शामिल हुए छात्र

### टर्म-2 परीक्षा के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने जारी किए नए निर्देश

**कटनी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा संचालित कक्षा 10वीं और 12वीं की टर्म 2 की बोर्ड परीक्षा कल 25 अप्रैल से शुरू हो गईं। छात्र-छात्राएं उत्साह के साथ जिले के सीबीएसई विद्यालयों में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए। विदित हो कि सीबीएसई बोर्ड टर्म 1 परीक्षा नवंबर-दिसंबर 2021 में आयोजित हुई थी। परीक्षाओं के आयोजन के पहले सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2023 के लिए कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड का नया सिलेबस जारी किया है। जानकारी के मुताबिक कक्षा 10वीं और 12वीं की कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षा एक साथ दो पालियों में ली जा रही हैं। 10वीं के दूसरे टर्म की परीक्षा 24 मई तक एवं 12वीं की परीक्षा 15 जून तक ली जाएगी। 10वीं के टर्म 2 की परीक्षा के पहले दिन पेंटिंग और कुछ भाषाओं की परीक्षा ली गई, वहीं 12वीं कक्षा के छात्र पहले दिन एंटरप्रेन्योरशिप एंड ब्यूटी एंड वेलनेस की परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर सीबीएसई बोर्ड ने गाइडलाइन भी जारी की थी, जिसका पालन सभी छात्र-छात्राओं के लिए अनिवार्य किया गया है। टर्म 2 परीक्षा में सब्जेक्टिव और आब्जेक्टिव दोनों पैटर्न पर सवाल पूछे जा रहे हैं। 10वीं और 12वीं की टर्म 2 परीक्षा के लिए दो घंटे का समय निर्धारित किया गया है और सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक परीक्षा ली जा रही हैं। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को प्रोटोकाल का पालन करने और स्वच्छता-सुरक्षा संबंधी जरूरी निर्देश दिए हैं।

### 10वीं-12वीं बोर्ड का नया सिलेबस

परीक्षाओं के आयोजन के पहले सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2023 के लिए कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड का नया सिलेबस जारी किया है। पूर्व की तरह इस सिलेबस में भी 30 प्रतिशत तक पाठ्यक्रम की कटौती की गई है। किताबों से मुगलकालीन अध्याय हटाए गए हैं, इसके साथ ही बोर्ड ने छात्र हित में अगले साल से दो टर्म की परीक्षा व्यवस्था को समाप्त कर सिर्फ एक बोर्ड परीक्षा लेने का बड़ा फैसला किया है। बोर्ड ने स्पष्ट कहा है कि कोरोना महामारी के चलते दो सत्रों की परीक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई थी। वर्ष 2023 से साल में सिर्फ एक बार बोर्ड परीक्षा होगी।

### प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 20 मिनट अतिरिक्त समय

टर्म 2 परीक्षा में सुबह 10 बजे तक प्रश्न पत्र और आंसर शीट छात्रों को दिया जाएगा, ताकि 20 मिनट के अंदर वो इसे अच्छी तरह से पढ़ सके। बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देश में इस बात का उल्लेख किया गया है कि 10वीं और 12वीं के दूसरे टर्म की परीक्षा के दौरान छात्रों को एडमिट कार्ड में दिए गए सभी जरूरी निर्देशों का पालन करना होगा। सभी छात्रों को रोल नंबर एडमिट कार्ड दिखाने पर ही परीक्षा हाल में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।

## कुठला के बाद अब माधवनगर में चोरों का धावा

**कटनी।** जिले में चोरी की वारदातें रूकने का नाम नहीं ले रही। अज्ञात चोर खुल्लम-खुल्ला पुलिस को चुनौती पेश करते हुए वारदातों को अंजाम दे रहे। कुठला थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात से पर्दा उठा था और अब माधवनगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को बदमाशों ने अंजाम दिया। चोरों ने एक घर से 85 हजार रुपए के आभूषण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने बताया कि माधवनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ी निवार के खेरहाई मोहल्ला स्थित अरविंद पाठक के घर पर चोरों ने धावा बोलते हुए 85 हजार रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## आसमान से बरस रही आग, सड़कें सूनसान

अभी न तो मई का महीना शुरू हुआ है और न ही नौतपा शुरू हुए हैं लेकिन गर्मी का ऐसा प्रचण्ड रूप है, जैसे मानों आग बरस रही हो। दिन में तापमान 43 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। दिन भर तेज गर्मी के बाद शाम को भी चैन नहीं मिल रहा। भीषण गर्मी के चलते दिन में सड़कें सूनसान नजर आ रही है।

## मैपिंग के बाद शुरू होगी राइट टू एजुकेशन के तहत प्रवेश प्रक्रिया

**कटनी।** गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा अब तक गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक आरएसके के निर्देश पर फिलहाल मैपिंग का काम चल रहा है। इसके पूरा होने के बाद ही प्रवेश प्रक्रिया जारी की जाएगी। जानकारी के मुताबिक पिछले साल जून के महीने में प्रवेश प्रक्रिया जारी हुई थी। ऐसा कहा जा रहा है कि इस बार भी संभवर्त मई के अंतिम सप्ताह या जून के पहले हफ्ते में गाइडलाइन जारी की जाएगी।

## आपसी विवाद पर पति ने पत्नी पर किया हंसिया से हमला

### बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुजबुजा में वारदात, घायल महिला अस्पताल में भर्ती

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुजबुजा में पति ने किसी आपसी विवाद को लेकर पत्नी का हंसिया से गला काट दिया। इस घटना में बुरी तरह घायल हुई पत्नी को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुजबुजा में मंगलवार की शाम 7 बजे पत्नी दुर्गी बाई एवं उसका पति रमेश कोल दोनों घर पर थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतन बढ़ गया कि पति ने आक्रोशित होकर पास ही रखे हंसिया से पत्नी पर हमला कर दिया। जिससे वह खून से लथपथ हो गई। आनन फानन में परिजन महिला को लेकर बरही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार करते हुए उसे भर्ती कर लिया। बताया जाता है कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की सूचना लगते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला का बयान दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 21 लीटर कच्ची शराब जब्त

कटनी। ढीमरखेड़ा पुलिस ने तीन अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर तीन लोगों के पास से कच्ची शराब को जब्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के सिमरिया गांव में जवाहर लाल आदिवासी के पास से 8 लीटर कच्ची शराब जब्त किया है। ढीमरखेड़ा में संजय वंशकार के पास से भी 8 लीटर कच्ची शराब जबकि खमतरा गांव में जितू उर्फजितेन्द्र के पास से 5 लीटर कच्ची शराब को जब्त किया है। जिसकी कीमत तीन हजार रुपये से आंकी गई। पुलिस ने तीनों लोंगो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है।

## समय पर पहुंची पुलिस व अफसर, रोका बाल विवाह

### पुलिस की समझाइश से माने परिजन लड़की के बालिग होने पर होगा विवाह

**कटनी/उमरियापान।** उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्हनी में पुलिस और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने समय रहते यहां पहुंचकर एक बाल विवाह को रोक दिया। बताया जाता है कि परिजनों ने नाबालिग लड़की की शादी की सारी तैयारियां कर ली थी। आज बारात भी आने वाली थी। महिला बाल विकास को जब पता चला कि लड़की नाबालिग है, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और मौके पर पहुंचकर लकड़ी पक्ष को समझाया। पुलिस के समझाने के बाद लड़की के परिवार के लोग शादी को फिलहाल टालने पर राजी हो गए। अब बालिका का विवाह उसके बालिग होने पर ही होगा। थाना प्रभारी एस राज पिल्ले ने बताया कि बम्हनी में बाल विवाह होने की जानकारी परियोजना अधिकारी आरती यादव ने दी थी। सेक्टर सुपरवाइजर शिवानी विश्वकर्मा, अनीता प्रधान, अंजना पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका लड़की पक्ष के लोगों को समझाया लेकिन परिजन समस्या बताते रहे। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लड़की पक्ष के लोगों और रिश्तेदारों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों को बताते हुए शादी नहीं करने की समझाइश दी। पुलिस की बात पर

परिजन मान गए और लड़की के नाबालिग रहने तक शादी को टाल दिया। मौके पर पंचनामा कार्रवाई भी की गई।

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

### गृहस्थी का सामान जलकर खाक, हजारों का नुकसान

**कटनी।** ग्रीष्म ऋतु शुरू होते ही जिले में अग्नि दुर्घटनाओं का ग्राफ भी तेजी से बढ़ने लगा है। कहीं खेत-खलिहान जल रहे तो कहीं मकान में आग लग रही है। ऐसी ही एक घटना बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विलायतकलां में घटित हुई, जहां एक मकान में आग भड़क गई। आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार विलायतकलां निवासी जमुना प्रसाद पांडेय के मकान में विगत दिवस अचानक आग लग गई। आग लगने से घर का सामान जल गया। आगजनी में हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि शॉर्ट-सर्किट के कारण आग भड़की है।


**आवश्यकता है**

ऑफिस में कार्य हेतु अनुभवी युवक-युवतियों की आवश्यकता है। टेली में कार्य करने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी।
संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स जबलपुर रोड बरगवां कटनी मो. 9009767272

**रत्ना गार्डन**

मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
गार्डन मात्र 51000/-

**श्रीमद् भागवत कथा**

स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी की प्रथम पुण्यतिथि में आयोजित
शनिवार 23 अप्रैल 2022 से शनिवार 30 अप्रैल तक
शनिवार 30 अप्रैल 2022 को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज, भण्डारा एवं प्रसाद वितरण
स्थान- मुख्य मार्ग इमलिया, निज निवास स्थान मनकामेश्वर मंदिर ग्राम पंचायत इमलिया, जिला-कटनी
स्व. श्री धनेन्द्र (जित्तु) गर्ग जी
निवेदक-धर्मेन्द्र गर्ग
एवं समस्त गर्ग परिवार व मित्रगण, मो. 8463060428
कथा व्यास परमपूज्य गुरूदेव आचार्य डॉ. श्री बालेन्दु प्रसाद मिश्रा जी महाराज कटनी (बरगढ़ वाले गुरूजी)

**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

**PRE. REGISTRATION** सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**PRE. REGISTRATION** सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

**आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन**

**एडवांस्ड** सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511

**प्लॉट बिकाऊ है**

समदड़िया सिटी, राय कालोनी, बारह बंगला के पास एवं शांतिनगर में साईज 1000 से 3000 वर्गफुट तक के प्लॉट रेट 1000 से 1200 वर्गफुट में उपलब्ध हैं। सिर्फ खरीददार ही संपर्क करें।
मो. 9993705740

**श्री वेंकटेश्वरा बोरवेल्स**

हर प्रकार के बोर 9 बाय 7.4 खेत, घर कुआं एवं सबमर्सिबल पम्प, केसिंग पाईप हेतु हर प्रकार के बोर करवाने हेतु संपर्क करें, उचित दरों में....
PVC पाइप थोक दर प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप सेट थोक दरों में उपलब्ध
सबमर्सिबल पंप एवं PVC पाइप के थोक विक्रेता
मो. -7869171856 7974741898
ब्रांच ऑफिस- सत्यनारायण मंदिर के पास, पैरामाउंट स्टील के सामने, माई नदी, कटनी

**HOTEL GRAND MERIDIAN**

Facilities: Luxury Rooms, Banquet Hall, Conference Hall, Free Wifi, Cinema, Restaurant, Bar, Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501
Contact-07622-422403,422404,422405 www.hotelgrandmeridian.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)